वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ईसीजीसी लिमिटेड में नियुक्त बीमांकक के कार्य की समीक्षा के लिए बाह्य सहसमीक्षक के रूप में व्यक्तिगत / फर्म बीमांकक की नियुक्ति के लिए के लिए

सीमित निविदा प्रस्ताव

एल टी ई संदर्भ संख्या : ई सी जी सी / ए सी टी एल / पी आर / 2022

दिनांक- 22.02.2022

ईसीजीसी लिमिटेड

एक्सप्रेस टॉवर,10वीं मंजिल, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400021

विषय-सूची

भाग - 1 3

भाग - 2 6

भाग - 3 7

भाग - 4 19

भाग -1

1. परिचय

1.1 बोलिकर्ताओं को आमंत्रण

"वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ईसीजीसी लिमिटेड में नियुक्त बीमांकक के कार्य की समीक्षा के लिए बाह्य सहसमीक्षक के रूप में बीमांकक व्यक्तिगत / फर्म की नियुक्ति" के लिए सीमित निविदा प्रस्ताव आमंत्रित की जाती हैं। इस सीमित निविदा जांच ('एलटीई') दस्तावेज़ के माध्यम से (इसे आगे बोली दस्तावेज़' या 'एलटीई दस्तावेज़' के रूप में भी संदर्भित किया जाएगा) ईसीजीसी लिमिटेड ('ईसीजीसी / एक कंपनी') के रूप में संदर्भित किया जाएगा), भारत सरकार द्वारा 1957 में स्थापित एक पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी हैं, जो परामर्शदाता (बोलीकर्ता के रूप में संदर्भित) से प्रतिस्पर्धी बोली आमंत्रित करती है।

सहायक दस्तावेजों के साथ "तकनीकी और मूल्य / वाणिज्यिक बोली" भौतिक रूप में प्राप्त की जाएंगी।

बोलीकर्ता (ओं) कृपया इस एल टी ई दस्तावेज़ का पूर्ण रूप से अध्ययन कर लें। ऐसा माना जाएगा कि बोलीकर्ता (ओं) द्वारा एल टी ई दस्तावेजों में निहितार्थ आशय की पूरी समझ के साथ सावधानीपूर्वक अध्ययन और परीक्षण के बाद बोली प्रस्तुत की गई है।

एल टी ई दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.ecgc.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

कृपया ध्यान दें कि मांगी गई सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करना आवश्यकत है। अधूरी जानकारी के कारण बोली को अस्वीकृत किया जा सकता है। अपने विवेकाधिकार से इस एल टी ई दस्तावेज़ में उल्लिखित तिथियों को बदलने का अधिकार कंपनी अपने पास सुरक्षित रखती है, जिसे बोलीकर्ताओं को सूचित किया जाएगा एवं कंपनी की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस एल टी ई दस्तावेज़ के जवाब में बोलीकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई जानकारी ईसीजीसी की संपत्ति होगी एवं यह वापस नहीं की जाएगी। इस एल टी ई दस्तावेज़ में संशोधन करने, रद्द करने या पुनः जारी करने

का अधिकार ईसीजीसी के पास सुरक्षित है, संशोधन या परिवर्तन,यदि कोई हों केवल ईसीजीसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

1. कार्यक्रम सूची

1	बोली प्रक्रिया शुरू होने की तिथि (यानी ईसीजीसी लिमिटेड की वेबसाइट पर एल टी ई दस्तावेज़ की पोस्टिंग)	22 फरवरी 2022
2	बोलीकर्ताओं से स्पष्टीकरण के लिए ईमेल के माध्यम से प्रश्न प्राप्त करने की अंतिम तिथि	25 फरवरी 2022
3	ईसीजीसी लिमिटेड द्वारा प्रश्नों के स्पष्टीकरण जारी करने की कटऑफ तिथि	4 मार्च 2022
4	बोलीकर्ताओं से आगे के प्रश्न, यदि कोई हों, प्राप्त करने की अंतिम तिथि	10 मार्च 2022
6	ईसीजीसी लिमिटेड द्वारा बोलीकर्ताओं के प्रश्नों का उत्तर देना।	18 मार्च 2022
7	तकनीकी और वित्तीय बोली सहित बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि	25 मार्च 2022
8	बोली खोलने की तिथि	30 मार्च 2022
9	बोली की वैधता अवधि	बोली जमा करने के की अंतिम तिथि के बाद साठ दिन (60 दिन)
10	एल टी ई दस्तावेज़ उपलब्धता	एल टी ई दस्तावेज़ ईसीजीसी की वैबसाइट पर प्रकाशित होगी।

नोट: समय सीमा ईसीजीसी लिमिटेड के पूर्ण विवेकाधिकार पर परिवर्तन के अधीन है

संपर्क करने एवं बोली जमा करने का पता	बीमांकिक विभाग ईसीजीसी लिमिटेड, 10 वी मंजिल, एक्सप्रेस टॉवर, एयर इंडिया बिल्डिंग के बगल में, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400021
इस एल टी ई दस्तावेज़ से संबंधित सभी पत्राचार / प्रश्न केवल निम्नलिखित ई-मेल आईडी के माध्यम से होना चाहिए।	actuarialdepartment@ecgc.in
दूरभाष नंबर मोबाइल नंबर	022-66590576,66590544 9167602386

भाग -2

2. अस्वीकरण

ईसीजीसी द्वारा या उसकी ओर से दस्तावेज़ के रूप में बोलीकर्ताओं को बाद में प्रदान की गयी जानकारी इस एल टी ई दस्तावेज़ में निर्धारित सभी शर्तों एवं नियमों एवं सभी निबंधन एवं शर्तों के आधार पर प्रदान की जाती हैं।

यह एल टी ई दस्तावेज़ न तो एक समझौता हैं और न ही एक प्रस्ताव हैं, यह केवल कंपनी द्वारा इच्छुक पार्टियों द्वारा बोली जमा करने के लिए एक आमंत्रण हैं। इस एल एल टी ई दस्तावेज़ का उद्देश्य बोलीकर्ताओं को उनकी बोली तैयारी में सहायता के लिए जानकारी प्रदान करना हैं।

यह एल टी ई दस्तावेज़ प्रत्येक बोलीकर्ताओं के लिए आवश्यक सभी जानकारी शामिल होने का दावा नहीं करता हैं। ईसीजीसी इस एल टी ई दस्तावेज़ की सटीकता, विश्वसनीयता या पूर्णता के किसी भी कानून, संविधि, नियमों या विनियमों के अधीन उत्तरदायी नहीं हैं, ईसीजीसी अपने पूर्ण विवेकाधिकार से बिना किसी दवित्व के इस एलटी ई दस्तावेज़ में दी गई जानकारी को अद्यतित, संशोधित या पूरक कर सकता हैं।

इस एल टी ई दस्तावेज़ के जबाब में प्राप्त किसी भी या सभी बोली/ प्रस्तावों को बिना कोई कारण बताए किसी किसी भी स्तर पर अस्वीकार करने का अधिकार ईसीजीसी के पास सुरक्षित हैं। इस संदर्भ में ईसीजीसी का निर्णय सभी पक्षों के लिए अंतिम, निर्याणक एवं बाध्यकारी होगा। इस सीमित निविदा जांच दस्तावेज़ के जबाब में बोलीकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई जानकारी ईसीजीसी की संपत्ति हैं एवं वापस नहीं किया जा सकता हैं। एल टी ई प्रक्रिया में कोई भी संविदात्मक दायित्व तब तक उत्पन्न नहीं होगा जब तक कि चयनित बोलीकर्ता के साथ ईसीजीसी के विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं द्वारा औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर और निष्पादित किया जाता हैं।

भाग -3

3. बोलीकर्ताओं के लिए निर्देश

3.1. सामान्य निर्देश

3.1.1 **बोलीकर्ता** से अनुरोध हैं कि बोली जमा करने से पहले ईसीजीसी की वैबसाइट https://www.ecgc.in पर अनुलग्नक -8 एवं सामान्य शर्तों के तहत प्रदान किए गए मसौदा समझौते सहित सम्पूर्ण एल टी ई दस्तावेज़ की सावधानीपूर्वक जांच करें एवं उक्त में निहित अनुबंध की किसी भी शर्तों के बीच कोई अस्पष्ट या विसंगति प्रतीत होती हैं, तो उन्हे स्पष्टीकरण के लिए मामले के साथ तत्काल ईसीजीसी को संदर्भित करें।

3.1.2 **बोलीकर्ता** को बोली के लिए एल टी ई दस्तावेज़ में संलग्न प्रपत्र(फार्मों) को सभी तरह से पूर्ण करना होगा एवं उपलब्ध कराए गए स्थानों पर मांगी गई जानकारी के अनुसार तारीख सहित हस्ताक्षर करना होगा। बोलीर को बोली दस्तावेज़ के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना हस्ताक्षर करना होगा।

3.1.3 बोली पर बोलीकर्ता द्वारा अथवा प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा किए गए हस्ताक्षर की विधिवत रूप से सत्यापित करना होगा। एक निगमित निकाय के मामले में बोली पर निकाय द्वारा विधिवत प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा मुहर सहित हस्ताक्षर किए जाएंगे। संघ के मामले में बोली पर संघ के प्रत्येक सदस्य द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर कर प्रत्येक सदस्य की मुहर लगाई जाएगी।

3.1.4 बोली संबंधी नोटिस, यदि कोई हो, देने के लिए बोली पर पता, दूरभाष, संपर्क नंबर, फैक्स नंबर एवं ई-मेल आईडी होना चाहिए।

3.1.5 बोली प्रपत्र एवं उसमे जुड़े दस्तावेजों को एक दूसरे से अलग नहीं किया जाएगा तथा किसी भी प्रपत्र या उससे जुड़े दस्तावेज़ में कोई परिवर्तन या विकृति(सभी रिक्त स्थानों को भरने के अलावा) किया जा सकता हैं। संलग्न दस्तावेजों में प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन केवल एक अलग आवरण पत्र द्वारा किया जा सकता हैं अन्यथा बोली प्रक्रिया में उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

3.1.6 बोलीकर्ता द्वारा बोली प्रक्रिया में उसकी भागीदारी पर ध्यान दिए बिना, दस्तावेजों में प्रदान किए विवरण को विशेषाधिकार प्राप्त एवं गोपनीय माना जाएगा।

3.1.7 बोलीकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा की उनकी बोली में कोई कटिंग, ओवर राइटिंग एवं अस्पष्ट या अवाच्य आकड़े नहीं हैं। केवल इसी आधार पर ऐसी सभी बोली को अयोग्य घोषित किया जा सकता हैं। ईसीजीसी का निर्णय अंतिम एवं बोलीकर्ता के लिए बाध्यकारी होगा। बोलीकर्ता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अस्पष्ट या अनिर्वचनीय लागत/राशि को बोली में शामिल नहीं किया गया हैं, जो बोली को अयोग्य घोषित कर सकता हैं।

3.1.8 प्रत्येक बोलीकर्ता केवल एक बोली प्रस्तुत कर सकता हैं।

3.1.9 बोलीकर्ता को ईसीजीसी द्वारा अनुबंध कि पूरी अवधि के लिए सहमत लागत और नियमों एवं शर्तों पर वांछित संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

3.1.10 आंशिक बोली को अस्वीकार कर खारिज कर दी जाएगी । बोलीकर्ता को कार्य के सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए कोट करना होगा।

3.1.11 सभी दरें एवं कुल राशि अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखी जानी चाहिए तथा यदि दोनों में कोई विसंगति हो, तो न्यूनतम राशि ही स्वीकार कि जाएगी।

3.1.12 अनुलग्नकों में कोई प्रश्न या मद खाली या अनुत्तरित नहीं होना चाहिए। जहां कोई विवरण या उत्तर प्रदान नहीं करना हैं तो 'नहीं', 'शून्य', या 'लागू नहीं' कथन का उपयोग करना होगा। खाली कॉलम या अहस्ताक्षरित फॉर्म को आमतौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

3.1.13 एल टी ई कि आवश्यकताओं कि पुष्टि नहीं करने वाली बोलियों पर ईसीजीसी द्वारा विचार नहीं किया जाएगा, हालांकि किसी भी समय एल टी ई के किसी भी आवश्यकता को माफ करने का अधिकार ईसीजीसी के पास सुरक्षित हैं।

3.1.14 ईसीजीसी द्वारा प्रदान कि गई निर्दिष्ट पते पर बोली प्राप्त होने चाहिए। बोली के आमंत्रण में 'विषय अनुसूची' में निर्दिष्ट तिथि एवं समय के बाद बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।

3.1.15 डाक में देरी या छुट्टियों सहित किसी भी कारण से निर्दिष्ट तिथि के भीतर बोली प्राप्त न होने के लिए ईसीजीसी कि कोई ज़िम्मेदारी नहीं हैं।

3.1.16 बोली जमा करने कि समय-सीमा के बाद प्राप्त किसी भी बोली को अस्वीकार कर बाद में नष्ट कर दिया जाएगा । कोई भी बोली वापस नहीं किया जा सकता हैं।

3.1.17 अपने विवेकाधिकार से बोली दस्तावेज़ में उपरोक्त नियमों एवं शर्तों में संशोधन करके ईसीजीसी द्वारा बोली जमा करने की समय सीमा को बढ़ाया जा सकता हैं, इस मामले

में ईसीजीसी एवं बोलीकर्ताओं के सभी अधिकार एवं दायित्व, जो समय सीमा के अधीन थे, उसके बाद विस्तारित समय सीमा तक अधीन होंगे, जिसे ईसीजीसी के वैबसाइट पर सभी इच्छुक बोलीकर्ताओं को सूचित किया जाएगा।

3.1.18 एल टी ई प्रक्रिया या अनुबंध सौपने के बाद यदि कोई भी सामाग्री गलत पाई जाती हैं तो, बोली सूचना को सत्यापित करने एवं किसी भी बोली को अस्वीकर करने का अधिकार ईसीजीसी के पास सुरक्षित हैं।

3.1.19 निम्नलिखित मामलों में बोली को अयोग्य घोषित किया जा सकता हैं :-

i. एल टी ई अनुसार बोली प्रस्तुत नहीं की गई हैं;

ii. अपूर्ण प्रारूप में प्राप्त बोली;

iii. सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ बोली संलग्न नहीं हैं;

iv. नियत तिथि के बाद प्राप्त बोली

v.. एक अवांछित बोली

3.1.20. एक बार जमा की गई बोली को संशोधित या परिवर्तित नहीं किया जा सकता हैं।

3.1.21 बोलीकर्ता द्वारा अपनी बोली तैयार करने एवं प्रस्तुत करने से जुड़ी सभी लागतों का वहन

किया जाएगा एवं ईसीजीसी किसी भी मामले में इन लागतों के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा, चाहे बोली प्रक्रिया के संचालन या परिणाम कुछ भी हो।

3.2. कार्य का क्षेत्र

आई ए आई द्वारा जारी किए गए बीमांकिक अभ्यास मानक 33 के अनुसार बाह्य सह समीक्षक के कार्य को करने के लिए भारतीय बीमांकन संस्थान (आई ए आई) के स्थायी सदस्य के रूप में एक बीमांकन की सेवाओं को शामिल करने का ईसीजीसी का उद्देश्य है ।

<u>आमतौर पर कार्य के दायरे में निम्नलिखित शामिल होंगे:</u>

सह समीक्षा में वार्षिक बीमांकिक मूल्यांकन से संबन्धित कार्य के सभी प्रासंगिक और महत्वपूर्ण पहलुओ को शामिल किया जाना चाहिए । निम्नलिखित गैर-विस्तृत सूची में कुछ गतिविधियां शामिल हैं जिन्हें सह समीक्षा प्रक्रिया के एक भाग के रूप में किया जाता हैं:

i. यह सुनिश्चित करने के लिए डेटा पर लागू जांचों की तर्कसंगतता की समीक्षा करना कि उक्त कार्य को करने के लिए पर्याप्त और विश्वसनीय (डेटा सटीकता जांच) है।

ii. गणनाओं पर लागू किए गए जांचबिन्दुओं की तर्कसंगतता की समीक्षा करना।

iii. कार्य को रेखांकित करने वाली कार्यप्रणाली और मान्यताओं की समीक्षा।

iv. परिणामों की तर्कसंगतता की समीक्षा।

v. इस बात की समीक्षा करना कि आईएआई द्वारा व्यावसायिक आचरण मानकों, बीमांकिक पेशे मानकों और अन्य लागू नियामक और/या वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार कार्य किस सीमा तक किया गया है।

vi. कार्य के हिस्से से जुड़े संचार की स्पष्टता और/या गुणवत्ता की समीक्षा; और/या

vii. इस बात कि समीक्षा करना की कार्य या आउटपुट के उपयोगकर्ता की जरूरतों और उचित अपेक्षाओं के लिए कार्य किस सीमा तक उपयुक्त है।

सुपुर्दगी योग्य:

<u>सह समीक्षा रिपोर्ट</u>

सह समीक्षक की रिपोर्ट एक लिखित रिपोर्ट के रूप में होगी, जिसमें किए गए कार्य का सारांश होगा और उपयोग किए गए डेटा, अपनाई गई कार्यप्रणाली, किए गए अनुमान, मूल्यांकन के परिणाम और सह समीक्षक की राय को स्पष्ट रूप से बताते हुए होगा। सह समीक्षक की रिपोर्ट में निम्नलिखित खंड शामिल होंगे:

i. परिचय
ii. राय
iii. डेटा संग्रह और सत्यापन
iv. कार्य प्रणाली
v. धारणाएं
vi. परिणामों की जांच
vii. सीमाएं
viii. सह समीक्षक की स्वतंत्रता की पुष्टि
ix. नियोक्ता के साथ पूर्व संबंधों का खुलासा
x. . चर्चा, प्रतिक्रिया और अंतिम रूप देना।

सहसमीक्षक की रिपोर्ट को ए ए को संबोधित करना होगा।

समय सीमा

सह समीक्षक को ईसीजीसी की संपूर्ण संतुष्टि के लिए अपेक्षित डेटा / रिपोर्ट /गणना प्राप्त करने के बाद 30 दिनों के भीतर समयबद्ध तरीके से सभी पहलुओं में कार्य पूरा करना आवश्यक है।

3.3. प्रश्न

इस एलटीई दस्तावेज़ या चयन प्रक्रिया के किसी भी खंड के बारे में कोई संदेह / प्रश्न / संदेह रखने वाले बोलीकर्ता को एल टी ई दस्तावेज़ जारी होने के 7 दिनों के भीतर अनुबंध - 6 में संलग्न प्रारूप में अपनी प्रश्न भेजने होंगे। ईसीजीसी एल टी ई दस्तावेज के जारी होने से 7 दिनों की समय सीमा के बाद किसी भी संदेह / प्रश्न को स्वीकार करने या कोई स्पष्टीकरण देने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

एलटीई के खंड 1.2 में उल्लिखित ई-मेल आईडी के माध्यम से ही सभी प्रश्नों को संप्रेषित किया जाएगा।

ईसीजीसी द्वारा ई-मेल / वेबसाइट के माध्यम से लिखित रूप में स्पष्टीकरण / संशोधन जारी किया जाएगा एवं वह एल टी ई का हिस्सा बन जाएगा।

3.4. बोली दस्तावेज़

बोली दस्तावेजों में शामिल हैं:

i. तकनीकी बोली (अनुलग्नक -1 के तहत दिए गए फॉर्म के अनुसार)
ii. मूल्य/वाणिज्यिक बोली (अनुलग्नक-4 के तहत दिए गए फॉर्म के अनुसार)
iii. सभी अन्य / समर्थक दस्तावेज एवं संलग्नक संलग्न हैं।

बोलीकर्ता से बोली दस्तावेज में सभी निर्देशों, प्रपत्रों, नियमों और विशिष्टताओं की जांच करने की अपेक्षा की जाती है। बोली दस्तावेज़ के लिए आवश्यक सभी जानकारी प्रस्तुत करने में विफलता या बोली दस्तावेज़ के लिए हर तरह से पर्याप्त रूप से उपयुक्त बोली प्रस्तुत करने में विफलता बोलीकर्ता के जोखिम पर होगी और इसके परिणामस्वरूप बोली को अस्वीकार किया जा सकता हैं।

3.5. बोली तैयार करना

3.5.1. बोली की भाषा

. बोलीकर्ता द्वारा तैयार की गई बोली , साथ ही बोलीकर्ता एवं कंपनी द्वारा संपर्क माध्यम से संबंधित सभी पत्राचार और दस्तावेज तथा सहायक दस्तावेज और मुद्रित साहित्य अंग्रेजी में प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

3.5.2. बोली मूल्य

i. कीमतों को केवल भारतीय रुपये में अनुबंध 4 में उद्धृत किया जाना है।

ii. उल्लेखित मूल्य केंद्र / राज्य सरकार के सभी, करों (जीएसटी सहित) को छोड़कर होने चाहिए, जिन्हें लागू दरों पर स्रोत पर काटा जाएगा।

iii. बोलीकर्ता द्वारा उल्लेखित मूल्य अनुबंध के तहत बोलीकर्ता के निष्पादन के दौरान स्थिर रहेंगे और अनुबंध की वैधता अवधि के दौरान विनिमय दर में उतार-चढ़ाव सहित किसी भी स्थिति में बदलाव के अधीन नहीं होंगे। केंद्र या राज्य सरकारों, या सांविधिक, अर्ध-सरकारी निकायों, या नियामकों द्वारा लगाए गए कर / शुल्क / लेवी / उपकर आदि वास्तविक के अनुसार लगाए जा सकते हैं, और उन्हें अलग-अलग करने की अनुमति है। उपरोक्त निर्दिष्ट अपवादों के अलावा, एक समायोज्य मूल्य उद्धरण के साथ जमा की गई बोली को गैर-प्रतिक्रियात्मक माना जाएगा और अस्वीकार कर दिया जाएगा।

3.5.3. बोलीकर्ता की पात्रता और योग्यता के साक्ष्य दस्तावेज़

अपनी बोली में अनुबंध को पूरा करने के लिए बोलीकर्ता की योग्यता के दस्तावेजी साक्ष्य केवल तभी स्वीकार किए जाएंगे जब कंपनी इससे संतुष्ट हो।

3.6. बोली की वैधता की अवधि

i. बोली खुलने की तारीख से 60 दिनों की अवधि के लिए बोली वैध रहेंगी। बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे बोली की शर्तों के अनुसार बोली को 60 दिनों की वैधता प्रदान करें। उद्धृत मूल्य अनुबंध की अवधि के दौरान स्थिर रहेंगे जब तक कि कंपनी द्वारा इसकी सहमति न दी जाए।

ii. असाधारण परिस्थितियों में, कंपनी समान नियमों और शर्तों पर बोली की वैधता अवधि में विस्तार के लिए बोलीकर्ता की सहमति मांग सकती है। सभी अनुरोध एवं उस पर प्रतिक्रिया लिखित रूप में की जाएगी। इस बिंदु पर, एक बोलीकर्ता किसी भी भविष्य के

एल टी ई या किसी डिबारमेंट के जोखिम के बिना अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है।

iii. यदि आवश्यक हो, तो कंपनी बोली की वैधता अवधि के दौरान किसी भी समय नए कोट के लिए निर्णय का अधिकार सुरक्षित रखती है।

3.7. बोली का प्रारूप एवं हस्ताक्षर

3.7.1. प्रत्येक बोली दो हिस्सो में होगी

भाग I - तकनीकी बोली

भाग II - मूल्य/वाणिज्यिक बोली

i. दोनों भाग दो अलग-अलग सीलबंद नॉन -विंडो लिफाफों में होने चाहिए जिनमें बोलीकर्ता का नाम और पता (वापसी का पता) लिखा हो, प्रत्येक पर "एलटीई विषय" के साथ-साथ "तकनीकी बोली" एवं "मूल्य/वाणिज्यिक बोली" जैसा भी मामला हो, लिखा होना चाहिए।

ii. बोली को नहीं मिटने वाली स्याही से टाइप किया या लिखा जाएगा एवं बोलीकर्ता या किसी व्यक्ति या व्यक्ति द्वारा अनुबंध के लिए बोली लगाने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा। बोली पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति या संशोधित मुद्रित साहित्य को छोड़कर, बोलियों के सभी पृष्ठों को प्रमाणित करेगा।

iii. कोई भी इंटर-लाइनेशन, इरेज़र या ओवरराइटिंग तभी मान्य होगी जब वे बोलियों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा प्रमाणित हों। कंपनी अपने विवेकाधिकार पर उपरोक्त के अनुरूप नहीं होने वाली बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

iv. इस एल टी ई दस्तावेज़ के संदर्भ में प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेज़, चाहे टाइप किए गए हों, नहीं मिटने वाली स्याही में लिखे गए हों, या असंशोधित मुद्रित साहित्य हो, सभी सुपाठ्य / पठनीय होने चाहिए। इस खंड के गैर-अनुपालन के परिणामस्वरूप बोली को गैर-उत्तरदायी माना जाएगा, और शुरुआत में इसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

v. बोली A4 आकार के कागज़ों में होगी, जो सूचकांक के साथ क्रमांकित होगी और तकनीकी विशिष्टताओं के विवरण के साथ हाइलाइट की जाएगी। प्रस्तुत करने से पहले बोली को सुरक्षित तौर पर एस्पाइरल तरीके से बांधा जाना चाहिए। लूज सीट में जमा की गई बोली को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

vi. अतिरिक्त जानकारी: बोलीकर्ता अतिरिक्त जानकारी शामिल कर सकता है जो प्रस्ताव की बेहतर समझ के लिए आवश्यक होगी। इसमें आरेख, मैनुअल के अंश या अन्य

व्याख्यात्मक दस्तावेज शामिल हो सकते हैं, जो बोली को स्पष्ट और / या प्रमाणित करेंगे। यहां शामिल किसी भी सामग्री को विशेष रूप से संदर्भित किया जाना चाहिए।

vii. शब्दावली: प्रस्तावित सेवाओं या उत्पादों का वर्णन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी संक्षिप्ताक्षरों, परिवर्णी शब्दों और तकनीकी शब्दों की शब्दावली प्रदान करें। यह शब्दावली प्रदान की जानी चाहिए, भले ही इन शर्तों को उनके पहले उपयोग या बोली प्रतिक्रिया में कहीं और वर्णित या परिभाषित किया गया हो।

3.8. बोली जमा करना

3.8.1. बोली को सील एवं चिन्हित करना

i. बोलीकर्ता को नॉन-विण्डो लिफाफो में "तकनीकी बोली " एवं "मूल्य / वाणिज्यिक बोली" की एक-एक प्रति संलग्न कर इन दोनों नॉन-विण्डो लिफाफो को बोलीकर्ता का नाम और पता (वापसी का पता) लिखे हुए एक नॉन-विण्डो बाहरी लिफाफे में सील करना होगा।

ii. उपरोक्त खंड 1 में वर्णित एवं चिन्हित नियमों के अनुसार बीड्स वाले अतिरिक्त लिफाफों को जमा करने के लिए दिए गए पते पर कंपनी को संबोधित करना होगा।

iii. बाहरी लिफाफा में होगा:

क) धारा 1.2 में वर्णित पते पर कंपनी को सम्बोधन

ख) परियोजना का नाम

iv. सभी लिफाफों पर बोलीकर्ता का नाम एवं पता होना चाहिए।

v. यदि लिफाफा सील या चिन्हित नहीं है, तो बोली के गलत स्थान या समय से पहले खोले जाने के लिए कंपनी की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।

3.9. बोली में संशोधन एवं वापसी

i. यदि बोलीकर्ता बिडिंग प्रक्रिया में भाग लेने में रुचि दिखाने के बाद, बिडिंग प्रक्रिया से पीछे हटना चाहता हैं, तो किसी दंडात्मक कार्यवाही जिसके अंतर्गत भविष्य में एल टी ई / अनुबंध / व्यापार पर प्रतिबंध या वहिष्करण के बिना कंपनी को लिखित रूप से कारण बताकर ऐसा किया जा सकता हैं।

ii. बोली प्रस्तुत करने के बाद बोलीकर्ता लिखित रूप से उपयुक्त कारण बताकर किसी दंडात्मक कार्यवाही जिसके अंतर्गत भविष्य में किसी एल टी ई / अनुबंध / व्यापार पर प्रतिबंध या वहिष्करण के बिना कंपनी द्वारा बोली को बदलने या संशोधित करने को निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने बोली को संशोधित या वापस लिया जा सकता हैं।

iii. बोली जमा करने की निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी बोली को संशोधित नहीं की जा सकती है।

iv. बोली जमा करने की समय सीमा और बोली फॉर्म पर बोलीकर्ता द्वारा निर्दिष्ट बोली वैधता अवधि की समाप्ति के बीच के अंतराल में कोई भी बोली वापस नहीं ली जा सकती है। इस अंतराल के दौरान किसी बोली को वापस लेने पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है, जिसमें भविष्य के किसी एल टी ई / अनुबंध / व्यापार पर प्रतिबंध या बहिष्करण शामिल है।

3.1. बोली को खोलना एवं मूल्यांकन

3.1.1. कंपनी द्वारा बोली को खोलना

i. कंपनी के पास उपरोक्त निर्दिष्ट अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा किए बिना सभी बोलीकर्ताओं से उनकी बोली प्राप्ति के तुरंत बाद सभी या कुछ प्रतिक्रिया पत्रक, या यहाँ तक कि किसी को कोई कारण बताए बिना बीड्स को खोलने का एवं किसी भी या सभी बोलीर्स को उनकी प्रतिक्रियाओं के आधार पर अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित है।

ii. कंपनी अपने विवेकाधिकार से यदि उचित समझे तो बोलीर्स के नाम, बोली संशोधन या बोली वापसी और अपेक्षित दस्तावेजों की उपस्थिति या अनुपस्थिति और ऐसे अन्य विवरणों की घोषणा कर सकती है।

iii. भेजे गए बोली और संशोधनों, यदि कोई हो, जो बोली खोलने के समय नहीं खोली जाती हैं, उन पर किसी भी परिस्थिति में मूल्यांकन के लिए आगे विचार नहीं किया जाएगा । वापस ली गई बोली बिना खोले बोलीकर्ताओं को वापस कर दी जाएंगी।

3.10.2. प्रारंभिक मूल्यांकन

i. सभी बीड्स पूर्ण हैं की नहीं यह सुनिश्चित करने के लिए क्या बीड्स आवश्यक प्रारूप में प्रस्तुत किए गए हैं, दस्तावेजों पर ठीक से हस्ताक्षर किए गए हैं, एवं बीड्स आमतौर पर क्रम में हैं या नहीं आदि की जांच कंपनी द्वारा की जाएगी।

ii. बीड्स के विस्तृत मूल्यांकन से पहले, कंपनी बोली दस्तावेज के लिए प्रत्येक बोली प्रतिक्रिया का निर्धारण करेगी। इन नियमों के अंतर्गत, एक उपयुक्त बोली वह है, जो बिना किसी विचलन के बोली दस्तावेज के सभी नियमों और शर्तों के अनुरूप है।

iii. किसी बोली की प्रतिक्रिया के बारे में कंपनी का निर्धारण बिना किसी बाहरी साक्ष्य के बोली की सामग्री पर ही आधारित होगा।

iv. यदि कोई बोली उपयुक्त नहीं है, तो इसे कंपनी द्वारा अपने विवेकाधिकार पर अस्वीकार किया जाएगा और इस तरह की बोली को बाद में गैर-अनुरूपता में सुधार करके बोलीकर्ता द्वारा उपयुक्त नहीं बनाया जा सकता है।

3.10.3. बोली का मूल्यांकन

i. कंपनी द्वारा आगे विस्तृत मूल्यांकन के लिए केवल उन बोलीकर्ताओं एवं बोलियों को लिया जाएगा जो प्रारंभिक मूल्यांकन के दौरान पात्रता नियमों और शर्तों के अनुरूप पाए गए हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान पात्रता मानदंड और किसी भी शर्तों को पूरा नहीं करने वाले बोलियों को आगे के मूल्यांकन के लिए शामिल नहीं किया जाएगा।

ii. तकनीकी और कार्यात्मक मानकों पर बोलियों के मूल्यांकन का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित है।

iii. बोलियों के मूल्यांकन एवं तुलना के दौरान कंपनी अपने विवेकाधिकार से बोलीकर्ताओं से उनकी बोलियों के स्पष्टीकरण मांग सकती हैं। स्पष्टीकरण के लिए अनुरोध लिखित रूप में होगा और कीमतों या बोली के सार में कोई बदलाव की मांग, पेशकश या अनुमति नहीं दी जाएगी। बोली के बाद बोलीकर्ता की पहल या बोली स्पष्टीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।

3.10.4. बोलियों का मूल्यांकन और अंतिम रूप देना

i. पहले से शॉर्टलिस्ट किए गए बोलीकर्ताओं की सूची से बोलीकर्ताओं को आगे के मूल्यांकन के लिए पात्र माना जाएगा एवं इन बोलीकर्ताओं के लिए मूल्य / वाणिज्यिक बोली खोली जाएंगी।

ii. कंपनी किसी बोली के किसी भी छोटी-मोटी कमी या गैर-अनुरूपता या अनियमितता को माफ कर सकती है, जो एक भौतिक विचलन नहीं होता है, बशर्ते इस तरह की छूट किसी बोलीकर्ता की सापेक्ष रैंकिंग को पूर्वाग्रह या प्रभावित न करे।

iii. बिडिंग प्रक्रिया में बोलीकर्ताओं को बोली दस्तावेजों के एक भाग के रूप में अनुबंध-3 के तहत दिए गए प्रारूप के अनुसार अपने लेटर हेड पर एक बयान देना होगा, कि उन्हें एल टी ई दस्तावेज़ के किसी भी खंड से कोई आपत्ति नहीं है।

3.10.5. कंपनी से संपर्क

i. मूल्य/वाणिज्यिक बोली खोलने के समय से लेकर अनुबंध को अंतिम रूप देने एवं अनुबंध सौपने तक कंपनी से बोली संबंधित किसी भी मामले में कोई भी बोलीकर्ता कंपनी से संपर्क नहीं कर सकेंगे।

ii. किसी बोलीकर्ता द्वारा बोली मूल्यांकन, बोली तुलना या अनुबंध सौपने के अपने निर्णयों में कंपनी को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास से बोलीकर्ता के बोली को अस्वीकार किया जा सकता है और कंपनी के साथ भविष्य में किसी भी एल टी ई / अनुबंध / व्यापार पर रोक लगाया जा सकता है।

3.10.6. बोलीकर्ता को अनुबंध सौपना

सफल बोलीकर्ता को कंपनी द्वारा लिखित पत्र या ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा कि उनकी बोली स्वीकार कर ली गई है। चयनित बोलीकर्ता को (ए) मूल अनुबंध (इसके बाद "पी ए" के रूप में संदर्भित किया जाएगा), उसी का मसौदा नीचे अनुबंध 8 के रूप में संलग्न कंपनी द्वारा निर्धारित या अनुशंसित सभी सेवाओं और सेवाओं के नियमों और शर्तों का निष्पादन करना होगा। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले उक्त मसौदा समझौते में निर्धारित सभी या किसी भी शर्तों को परिवर्तन / बदलाव / संशोधन / सुधार करने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित है। चयनित बोलीकर्ता एल टी ई के साथ अनुलग्नक 9 के रूप में संलग्न प्रारूप में सत्यनिष्ठा संहिता के साथ यहां उल्लिखित आवश्यक प्रक्रियाओं के पूरा होने पर, बोलीकर्ता के अंतिम चयन के बारे में अधिसूचना की तारीख से पांच कार्य दिवसों के अंदर “पी ए” निष्पादित करना होगा।

3.10.7. किसी भी बोली को स्वीकार करने एवं किसी या सभी बोलियो को अस्वीकार करने का कंपनी का अधिकार:

i. किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिडिंग प्रक्रिया को रद्द करने एवं प्रभावित करने, बोलीकर्ता या बोलीकर्ताओं के लिए कोई दायित्व या प्रभावित बोलीकर्ता को सूचित करने के किसी भी दायित्व के बिना या कंपनी की कार्रवाई के आधार पर

बोलीकर्ताओं को अनुबंध सौपने से पहले किसी भी समय सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित है ।

ii. कंपनी द्वारा लिए गए सभी निर्णय बाध्यकारी और अंतिम हैं।

3.10.8. पात्रता मानदंड

बोलीकर्ताओं को एपीएस 33 के सभी मानदंडों/आवश्यकताओं को पूरा करना होगा ।

I. बोलीकर्ता बीमाकर्ता से स्वतंत्र और बाहर का हो।
II. बोलीकर्ता के पास एक उपयुक्त वैध अभ्यास प्रमाणपत्र होना चाहिए ।
III. बोलीकर्ता आई ए आई का एक साथी सदस्य होगा और बीमांकिक अभ्यास मानक 33 की शर्तों के अनुसार बाह्य सह समीक्षक का कार्य करेगा। बोलीकर्ता को निर्यात ऋण जोखिम बीमा में अनुभव होना चाहिए।
IV. बोलीकर्ता के हितों का कोई टकराव नहीं होगा।
V. बोलीकर्ता का किसी भी वित्तीय वर्ष के दौरान भारत में 3 से अधिक बीमाकर्ताओं के लिए सह समीक्षक नहीं होना चाहिए।
VI. बोलीकर्ता किसी भी बीमाकर्ता के लिए सहसमीक्षक के रूप में लगातार 3 वित्तीय वर्षों से अधिक समय तक कार्यरत नहीं रह सकता है, जिसके लिए सह समीक्षा की जा रही है।
VII. बोलीकर्ता द्वारा व्यावसायिक आचरण का कोई उल्लंघन नहीं होना चाहिए।
VIII. बोलीकर्ता द्वारा अतीत में बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई ए आर डी ए आई) के किसी भी मानदंड / विनियमों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

बोलीकर्ता को उपरोक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए और एपीएस-33 की पुष्टि और अनुपालन करना चाहिए।

****

भाग -4

अनुलग्नक

अनुलग्नक- 1

कंपनी प्रोफाइल/पात्रता/तकनीकी बोली

क्रं . सं.	**विवरण**	
1.	सह समीक्षक का नाम सह समीक्षक का पंजीकृत पता सह समीक्षक का प्रोफाइल पंजीकरण की तिथि • क्या फ़र्म साझेदारी/ स्वामित्व/ व्यक्तिगत हैं • फ़र्म के मामले में प्रमुख भागीदार/ व्यक्ति / प्रभारी का नाम प्राधिकृत प्रतिनिधियों / हस्ताक्षरकर्ताओं का पूरा नाम और संपर्क विवरण। • ◦ लैंड लाइन (यदि कोई हो) _____ ◦ मोबाइल _____ ◦ ई-मेल आईडी _____	
2.	विवरण सहित निदेशकों /साझेदारों /व्यक्तियों का पूरा नाम • योग्यता • अनुभव • संपर्क विवरण ◦ लैंड लाइन (यदि कोई हो) _____ ◦ मोबाइल _____ ◦ ई-मेल आईडी _____ • बीमांकक के रूप में कार्य अभ्यास शुरू करने की तिथि • आई ए आई के फैलो बनने का वर्ष • अभ्यास प्रमाण-पत्र (सी ओ पी) नंबर / पंजीकरण संख्या एवं इसकी वैधता । • संगठन आदि के विवरण सहित, जैसा	

	भी लागू हो, वर्तमान में धारित पद (या तो एक कर्मचारी या सलाहकार या अन्य रूप में) • इस बात की पुष्टि कि उनके खिलाफ कभी कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई एवं वर्तमान में कुछ भी लंबित नहीं है या लागू मामलों का विवरण आदि। (कृपया दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें)	
3.	बीमा उधोग में हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकारी के अनुभव के वर्षों की संख्या जीवन बीमा में अनुभव के वर्षों की संख्या	
4	गैर - जीवन बीमा में अनुभव के वर्षों की संख्या गैर -जीवन बीमा उद्योग में हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकारी द्वारा की गई सह समीक्षाओ की संख्या	
5	मुंबई में कार्यालय का विवरण • पता: • दूरभाष नंबर: • फैक्स नंबर : • ई-मेल: • वैबसाइट (यदि कोई हो) :	
6	भारत एवं विदेशों में अन्य शाखाओं का विवरण	
7	मूल्यांकन की अवधि के विवरण के साथ पूर्व एवं वर्तमान बीमा कंपनियों सहित प्रमुख ग्राहकों की सूची	
8	मूल्यांकन कार्य के संचालन के लिए कार्य योजना और इसके कार्यान्वयन की कार्यप्रणाली । (यदि आवश्यक हो तो अलग शीट संलग्न करें)	
9	• पिछले 3 (तीन) वित्तीय वर्षों का लाभ-हानी खाते एवं फ़र्म के बैलेन्स शीट की स्व-सत्यापित प्रति। • अभ्यास के प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति। • संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक-7) में स्व-घोषणा	

	• संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक-9) में सत्यनिष्ठा संहिता • संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक -5) में बोलीकर्ता का विवरण • संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक -2) में बोलीकर्ता का बैंक विवरण • फ़र्म का पैन (कृपया दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें) फर्म की जीएसटी पंजीकरण संख्या (कृपया दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें) •	
10	फ़र्म में सक्रिय भागीदारों की संख्या एवं कर्मचारियों की संख्या, जो पूरी तरह से योग्य बीमांकिक एवं आईएआई के सदस्य हैं। • (कृपया सक्रिय भागीदार/कर्मचारी का नाम/ सदस्यता संख्या, अनुभव आदि सहित विवरण संलग्न करें)	
11	आई टी आर / बैलेंस शीट के आधार पर पिछले वित्तीय वर्ष में बीमांकन / फ़र्म का कारोबार (कृपया दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें) क) कुल वार्षिक कारोबार	
12	**बोलीकर्ता को निम्नलिखित का विवरण प्रदान करना होगा** ईसीजीसी लिमिटेड के लिए बोली लगाने वाले सह समीक्षक के रूप में किए गए सभी पिछले वार्षिक वैधानिक बीमांकिक मूल्यांकन का विवरण • ईसीजीसी लिमिटेड के साथ किसी भी वाणिज्यिक संबंध का विवरण • विवरण दे कि क्या बोलीकर्ता ईसीजीसी लिमिटेड से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। विवरण दे कि क्या बोलीकर्ता ईसीजीसी लिमिटेड या उसकी किसी सहयोगी संस्थान के लिए सलाहकार या परामर्शदाता या कर्मचारी के रूप में कार्यरत है।	
13	कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी (यदि आवश्यक हो, तो कृपया अलग शीट संलग्न करें)	

.....

फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के मोहर सहित हस्ताक्षर

नाम:

पदनाम:

संपर्क नंबर (मोबाइल):

ई-मेल आईडी:

अनुलग्नक -2

बोलीकर्ता का बैंक विवरण

क्रं. सं.	विवरण	वर्णन
1	बैंक का नाम	
2	बैंक का पता	
3	बैंक का आई एफ एस सी कोड	
4	बैंक खाता संख्या	
5	खाते का प्रकार	

.....

फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के मोहर सहित हस्ताक्षर

नाम:

पदनाम:

संपर्क नंबर (मोबाइल):

ई-मेल आईडी:

अनुलग्नक -3

स्वीकृति

बोलीकर्ता को अपने लेटर हेड पर प्रस्तुत करें

दिनांक:

प्रति,
नियुक्त बीमांकक,
ईसीजीसी लिमिटेड,
10वीं मंजिल, एक्सप्रेस टॉवर, नरीमन पॉइंट,
मुंबई- 400021

प्रिय महोदय /महोदया,

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ईसीजीसी लिमिटेड में नियुक्त बीमांकक के कार्य की समीक्षा के लिए बाह्य सह **समीक्षक के रूप में बीमांकक के व्यक्तिगत / फर्म की नियुक्ति के लिए सीमित निविदा** प्रस्ताव पर उत्तर

1. अनुबंधों सहित सीमित निविदा प्रस्ताव दस्तावेज़ की जांच करने के बाद, जिसकी प्राप्ति एतद्द्वारा विधिवत रूप से स्वीकार की जाती है, बोली में बताई गई लागत के भीतर एल टी ई दस्तावेज़ में बताए गए कार्य के दायरे के अनुसार सेवाएं प्रदान करने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तावित हैं।
2. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है, तो हम इस एल टी ई दस्तावेज़ के सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करने का वचन देते हैं ।
3. हम यह प्रमाणित करते हैं कि हमनें अनुरोधित प्रारूप में ईसीजीसी द्वारा मांगी गई सभी जानकारी प्रदान की है। हम यह भी समझते हैं कि ईसीजीसी को इस बोली को अस्वीकार करने का अधिकार है यदि ईसीजीसी को ऐसा प्रतीत होता है कि आवश्यक जानकारी प्रदान नहीं की गई है या एक अलग प्रारूप में प्रदान की गई है जो मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए उपयुक्त नहीं है या पूरी जानकारी प्रदान नहीं की गई है या किसी अन्य कारण से जैसा भी उचित हो, ईसीजीसी का निर्णय हमारें लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा ।

4. हम इस बात से सहमत हैं कि इस एल टी ई प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय एल टी ई दस्तावेज़ और सभी संशोधनों को संशोधित करने, रद्द करने या पुनः जारी करने का अधिकार ईसीजीसी लिमिटेड के पास सुरक्षित है।
5. हम सहमत हैं कि हमें इस एल टी ई दस्तावेज़ में दिए गए किसी भी खंड, नियम और शर्तों एवं बिडिंग प्रक्रिया से कोई आपत्ति नहीं है।

.....

फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के मोहर सहित हस्ताक्षर

नाम:

पदनाम:

संपर्क नंबर (मोबाइल):

ई-मेल आईडी:

<u>अनुलग्नक - 4</u>

वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु ईसीजीसी लिमिटेड में नियुक्त एक्चुअरी के कार्य की समीक्षा के लिए बाह्य सह समीक्षक के रूप में बीमांकिक की व्यक्तिगत/फर्म की नियुक्ति के लिए मूल्य/वाणिज्यिक बोली

(नीचे उल्लिखित अनुसार 2रे सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए)

हम प्रस्तावित कार्य हेतु अपना मूल्य/वाणिज्यिक बोली (शुल्क) निम्नानुसार प्रस्तुत करते हैं:

क्रम सं	विवरण	भारतीय रुपए में कुल शुल्क (अंको में)	भारतीय रुपए में कुल शुल्क (शब्दों में)
1.	वित्त वर्ष 2021-2022 के लिए ईसीजीसी लिमिटेड के नियुक्त बीमांकिक के कार्य की सह/पियर समीक्षा। सहसमीक्षा की सीमा आईएआई द्वारा जारी एपीएस 33 के अनुसार है।		

कुल राशि शब्दों में : रूपए_____मात्र.

नियम एवं शर्तें:

क. **ईसीजीसी की संतुष्टि तक कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद शुल्क का भुगतान केवल भारतीय रुपये में होगा।**

ख. वित्तीय बोली में चयनित बोलीकर्ता द्वारा उद्धृत शुल्क के अलावा कोई अतिरिक्त भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा। चयनित बोलीदाता द्वारा उद्धृत कार्य के लिए शुल्क में, **समस्त लागू करों के अतरिक्त**, **सभी खर्च**/लागत/विविध व्यय, यदि कोई हो, **शामिल होना चाहिए**, **जिसका ईसीजीसी लिमिटेड द्वारा वास्तविक रूप से भुगतान किया जाएगा**। **ईसीजीसी लिमिटेड** भारतीय कराधान नियमों के अनुसार भुगतान करते समय लागू टीडीएस काटने का हकदार होगा।

ग. आवास, यात्रा, भोजन आदि के संबंध में फर्म द्वारा किया गया कोई अतिरिक्त

व्यय देय नहीं होगा।

घ. ईसीजीसी लिमिटेड के पास अपर्याप्त/असंतोषजनक कार्य या कुछ ऐसा करने में चूक के कारण सफल बोलीदाता से किसी भी आनुपातिक राशि की कटौती करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसे एलटीई या कार्य के लापरवाह निष्पादन के तहत बोलीदाता को करना आवश्यक है।

ङ. उद्धृत दर आगामी अनुबंध के पूरे कार्यकाल के लिए मान्य है। इस अनुबंध हेतु भुगतान में कोई वृद्धि स्वीकार्य नहीं होगी।

च. यहां संलग्न अनुबंध की शर्तों के अनुसार भुगतान किया जाना है जिसे अनुबंध 8 के रूप में चिह्नित किया गया है।

छ. आगामी अनुबंध के निष्पादन के नियत समय के दौरान आकस्मिक व्यय हेतु कोई भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा।

ज. अनुबंध प्रदान करने पर कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

कम्पनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का हस्ताक्षर

नाम:

पदनाम:

सम्पर्क. (मोबाइल):

ईमेल आईडी:

कम्पनी की मोहर:

<u>अनुलग्नक - 5</u>

समान कार्य का विवरण जो आपके द्वारा पिछले पांच(5) वर्षो के दौरान पूर्ण किया गया हो

सह समीक्षक का विवरण जो इस प्रोजेक्ट में सम्बद्ध होगा

1. सह समीक्षक का नाम
2. ईमेल आएडी
3. फोन नं. (कार्यालय)
4. मोबाइल नं
5. इस फर्म में तैनाती के तारीख
6. व्यावसायिक योग्यता
7. अनुभव

क्रम सं	पिछले पांच(5) वर्षो के दौरान पूर्ण किये गए समान कार्य का विवरण	भारत/विदेश में प्रदान की गए सेवाओं तथा उन संस्थाओं का संक्षिप्त विवरण जहाँ कार्य किया गया	अवधि: से- तक	पूर्ण करने की तारीख
01				
02				
03				
04				

कम्पनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का हस्ताक्षर

नाम:

पदनाम:

सम्पर्क. (मोबाइल):

ईमेल आईडी:

कम्पनी की मोहर:

अनुलग्नक - 6

प्रश्न का प्रारूप

क्रम सं	बोलीकर्ता का नाम	पृष्ठ सं (एलटीई संदर्भ)	धारा (एलटीई संदर्भ)	एलटीई का विवरण (एलटीई संदर्भ)	प्रश्न
1					
2					

नोट: प्रश्नों को केवल प्रदान की गई ई-मेल आईडी, actuarialdepartment@ecgc.in के माध्यम से संप्रेषित किया जा सकता है। प्रश्नों के उत्तर ईसीजीसी वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे या संबंधित बोलीदाता को ईमेल किए जाएंगे। टेलीफोन/मोबाइल या ई-मेल के माध्यम से लिखित के अलावा किसी अन्य माध्यम से कोई प्रश्न स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रश्नों को उपर्युक्त प्रोफार्मा में .xls/.xlsx प्रारूप में भेजी जानी चाहिये।

<u>अनुलग्नक - 7</u>

घोषणा प्रारूप

(बोलीकर्ता के पत्रशीर्ष पर प्रस्तुत किया जाए)

<u>घोषणा</u>

मै_____पुत्र श्री_____के रूप में कार्यरत _____में_____(सह समीक्षक के नाम एवं पूरे पते का उल्लेख किया जाए), एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से पुष्टि करता हूं और घोषणा करता हूं कि मुझे तकनीकी बोली और वित्तीय बोली पर हस्ताक्षर करने के लिए फर्म द्वारा अधिकृत किया गया है। मैं, फर्म की ओर से एतद्द्वारा घोषित और प्रमाणित करता हूं कि हमने इस एलटीई दस्तावेज़ **ईसीजीसी/एसीटीएल/पीआर/2022** में उल्लिखित सभी नियमों और शर्तों को स्वीकार कर लिया है और हम मेरी/हमारी बोली की स्वीकृति की स्थिति में एलटीई के सभी नियमों और शर्तों का पालन करेंगे।

मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मै..... (सह समीक्षक का नाम)/इसके किसी भी भागीदार/ रिश्तेदार/ कर्मचारियों/ प्रतिनिधि/ एजेंटों को किसी भी परिस्थिति में ईसीजीसी लिमिटेड/ ईसीजीसी लिमिटेड के अधिकारियों, ईसीजीसी लिमिटेड के नियुक्त बीमांकक के साथ कोई नियोक्ता-कर्मचारी संबंध नहीं माना जाएगा।

मैं यह भी घोषणा करता/करती हूं कि ईसीजीसी लिमिटेड में मेरे/हमारे पास कोई लाभ का स्थान नहीं है। मैं घोषणा करता हूं कि हमारी फर्म आईआरडीए, आरबीआई, सेबी, आईसीएआई, सीएजी, आईएआई आदि सहित, लेकिन सीमित नहीं है, किसी भी नियामक प्राधिकरण/एजेंसी द्वारा डिफ़ॉल्ट/प्रतिबंधित/वर्जित/ब्लैक लिस्टेड नहीं है/थी।

मैं यह भी घोषणा करता हूं कि ईसीजीसी लिमिटेड के किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, ईसीजीसी लिमिटेड के नियुक्त बीमांकक का आवेदक बीमांकिक फर्म में कोई निहित और व्यक्तिगत हित नहीं है। मैं एलटीई में संलग्न अनुबंध-8 के मसौदे के अनुसार हमारी बीमांकिक फर्म की ओर से ईसीजीसी लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने का वचन देता हूं।

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी सूचनाएं मेरी जानकारी के अनुसार सत्य और सही है। यदि मेरे/हमारे द्वारा सूचीबद्ध मेरे कार्य/ग्राहकों के बारे में कोई पूछताछ की जाती है तो मुझे/हमें कोई आपत्ति नहीं है।

